दिन– सोमवार
दिनांक– 14 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।
अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– हर वर्ष राज्य में दो दिवसीय हिंदी समागम का होगा आयोजन। हिंदी दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

02. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक दल बिहार में बाढ़ की स्थिति का करेगा सर्वेक्षण। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी।

03. हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का त्योहार पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। अगले चौबीस घंटों में पटना समेत राज्य के अन्य भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना।

---

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य अभिलेख भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रिका राजभाषा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी की पूरी दुनिया में पहचान है और यह दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी के साहित्यिक विस्तार को बढ़ावा देने के लिए राज्य में हर वर्ष दो दिवसीय हिंदी समागम का आयोजन किया जायेगा।

आज हिन्दी दुनिया में सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और यह 52 करोड़ से ज़्यादा लोगों की पहली भाषा है।

–––बाइट–––

हिन्दी दिवस वो दिन है जब सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं मनाते बल्कि उस भाव को नमन करते हैं जो हमें शब्दों के माध्यम से एकदूदूसरे से जोड़ता है। संत कबीर ने भी कहा है कि

ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।

औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए

वाणी के केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारे संस्कारों की भी पहचान है। हिन्दी ने सदियों से भावनाओं को शब्द दिए है। भाषा का वास्तविक गौरव तभी है, जब वह ज्ञान को सबके लिए सहज बनाए और समाज को जोड़े। इसलिए भारतेन्दु हरीशचन्द्र ने भी कहा है कि,

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।

बिन निज भाषा–ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।

इस हिन्दी दिवस पर आइए, हिन्दी को केवल सिर्फ एक दिन के रूप में ना याद करें। बल्कि, इसे बोलें, पढ़ें, लिखें और आगे बढ़ाएँ साथ ही दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करें। क्योंकि भाषा में जितना स्वीकार्यता होगी, वो उतनी ही आगे बढेगी। आकाशवाणी की ओर से हिन्दी दिवस की बहुत–बहुत बधाई।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि हिंदी भाषा को नई पीढ़ी के लिए अधिक उपयोगी और सहज बनाना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि भाषा का विकास केवल उसके प्रयोग से नहीं बल्कि ज्ञान ओर जनसेवा के माध्यम के रूप में उसके विस्तार से होता है।

इधर, आकाशवाणी पटना में हिंदी दिवस के अवसर पर चौदह से तीस सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्‌देश्य से विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का तीस सितंबर को सम्मानित किया जायेगा।

इधर, प्रदेशभर में हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं से प्राप्त जानकारी पर एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

कैमूर जिले में कलेक्ट्रेट स्थित माँ मुण्डेश्वरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को जिलाधिकारी कुमार अनुराग ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होनें सरकारी कार्यों में सरल और मानक हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का निर्देश दिया। अरवल जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में चौदह से अट्‌ठाईस सितंबर तक आयोजित किये जा रहे हिंदी दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया। बेगूसराय में जिला साहित्य अकादमी की ओर से हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छह रचनाकारों, दो पत्रकारों और एक रंगकर्मी को सम्मानित किया गया। छपरा स्थित सारण के आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया गया। भागलपुर के सबौर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हिंदी को अनुसंधान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा कृषि प्रसार से जोड़ने और उसे सहज हिंदी में किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। समाचार कक्ष से राहुल कुमार।

---

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्रद्धालु अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर तरफ भक्ति का माहौल है। दस दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान प्रथम पूज्य की पूजा–अर्चना की जाती हैं।

गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———बाइट———

गणेश चतुर्थी की पूरे देशवासियों को बहुतदृबहुत बधाई। भगवान श्री गणेश सबके जीवन में हमेशा शुभ करें। हर व्यक्ति के जीवन में खुशी, उत्साह, उत्सव रहे, इसकी कामना करता हूं। भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद बना रहे।

इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी हैं।

---

हरतालिका तीज का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपवास और पूजा–अर्चना करती हैं। इधर, मिथिला में चौठ चंद्र का पर्व भी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व में संध्या काल में महिलाएं रोहिणी सहित चन्द्रमा की पूजा–अर्चना करती हैं। विभिन्न प्रकार के पकवान और फलों को उत्सर्ग कर चन्द्रमा को अर्घ्य समर्पित किया जाता है।

---

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। राज्य के पन्द्रह जिलों में उनचास लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रभावित आबादी तक भोजन, राहत सामग्री और दूसरी जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में एक हजार दो सौ साठ सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। तेरह राहत शिविरों में बारह हजार दो सौ साठ लोगों के लिए आवासन, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक दल बुधवार को बिहार में बाढ़ की स्थिति का सर्वेक्षण करने आयेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इस संबंध में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनकी बात हुई है।

———बाइट———

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा ने कहा है कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सादा ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए सामुदायिक किचन, तिरपाल समेत पशुओं के चारे और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है।

———बाइट———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने महिला टी–20 एशिया कप चैम्पियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि खिलाड़ियों ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और देश का नाम रोशन किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में टीम के अपराजित अभियान, असाधारण टीम वर्क और अटूट दृढ़ संकल्प ने देश को अपार गौरव दिलाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का आत्मविश्वास, निरंतरता और अद्‌भुत जज्बा साफ तौर पर

दिखाई दिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बेटियों ने भारत का नाम एक बार फिर बुलंद किया है।

गौरतलब है कि भारत ने महिला एशिया कप क्रिकेट में श्रीलंका को हराकर आठवीं बार खिताबी जीत दर्ज की है। कल खेले गये मैच में भारत ने श्रीलंका को बहत्तर रन से हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

प्रदेश में नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार भागलपुर के सुल्तानगंज में गंगा का जलस्तर घट रहा है। गंगा और पुनपुन नदी का जलस्तर घटते ही पटना जिले के बाढ़ प्रभावित मोकामा, बख्तियारपुर और दियारा इलाकों में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुरसेला में कोसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। खगड़िया में बूढ़ी गंडक, बेनीबाद में बागमती तथा दरौली और गंगपुर सिसवन में घाघरा लाल निशान से ऊपर है। इधर, वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक का जलस्तर बढ़ने की प्रवृत्ति दर्ज की गई है। वीरपुर बराज पर कोसी का जलस्तर स्थिर है, जबकि इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का जलस्तर घट रहा है। जमुई के झाझा प्रखंड में भारी बारिश के दौरान बलियाडीह पंचायत के करमा गांव में सड़क पानी के तेज बहाव में बह गया है।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता फिर से बढ़ी है। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये हुये हैं और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के मुजफ्फरपुर, किशनगंज, पटना समेत उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और, दक्षिण–मध्य भागों में मेघगर्जन, वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

–––बाइट–––

---

मुजफ्फरपुर जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य

मजदूर बेहोश हो गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– हर वर्ष राज्य में दो दिवसीय हिंदी समागम का होगा आयोजन। हिंदी दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

02. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक दल बिहार में बाढ़ की स्थिति का करेगा सर्वेक्षण। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी।

03. हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का त्योहार पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। अगले चौबीस घंटों में पटना समेत राज्य के अन्य भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना।

---

समाप्त